an>

Title: Regarding construction of barrage under railway bridge at Ram ki pairi at Faizabad.

श्री लल्लू सिंह (फ़ैज़ाबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र अयोध्या, जो एक धर्म नगरी है, वहाँ किसी समय राम की पैड़ी का निर्माण हुआ था। उसकी डिजाइन गलत होने के कारण उसमें निरंतर जल प्रवाह नहीं रहता है जिसके कारण राम की पैडी में अयोध्या का मल-मूत्र और गंदगी भरी रहती है। जो तीर्थयात्री वहाँ पर आते हैं, उनको बहुत कष्ट होता है। इसलिए आपके माध्यम से मैं सरकार से चाहता हूं कि वहाँ पर रेलवे पुल के नीचे एक बैराज बनाया जाए ताकि सरयू जी का जलस्तर ऊपर उठे और राम की पैड़ी से माइनर निकालकर शारदा सहायक नहर में मिलाया जाए ताकि निरंतर जल प्रवाह बना रहे। इसके बनने से अयोध्या ही नहीं, बल्कि दूसरी तरफ बस्ती जिले में भी अयोध्या पम्प कैनाल बना हुआ है जिससे वहां के किसानों को निरंतर खेती के लिए पानी मिलता रहेगा। धन्यवाद।